मांग संख्या 79

मुख्य शीर्ष 2210

मद क्रमांक 1

दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को श्रम सम्मान राशि हेतु ₹50.00 लाख का व्यय संभावित है।

अतः इस प्रयोजन हेतु ₹50,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद कमांक 2

शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर में सीनियर रजिस्ट्रार, रजिस्ट्रार/प्रदर्शक/जूनियर रेसीडेंट/जूनियर रजिस्ट्रार के रिक्त 49 पदों को समर्पित करते हुए सीनियर रेसीडेंट एम.डी./एम.एस. के 105 नवीन पदों के सृजन हेतु ₹ 840.00 लाख का व्यय संभावित है। यह व्यय विभागीय बचत से किया जायेगा । पदों का विवरण निम्नानुसार है:-

पदनाम	वेतन लेवल	पद संख्या
सीनियर रेसीडेंट-एम.डी./एम.एस.	लेवल-13	105

अतः इस प्रयोजन हेतु ₹ 100 के प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मुख्य शीर्ष 4210

मद कमांक 3

केन्द्र प्रवर्तित योजनांतर्गत राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों को सुदृढ़ करने एवं उन्नयन हेतु यू. जी./एम.बी.बी.एस. सीटों में वृद्धि के लिए तीन जिलों अंबिकापुर, रायगढ़ एवं बिलासपुर के लिए राशि ₹656.00 लाख प्रति जिला के मान से कुल ₹1968.00 लाख का व्यय संभावित है।

अतः इस प्रयोजन हेतु ₹19,68,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद कमांक 4

केन्द्र प्रवर्तित योजनांतर्गत राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों को सुदृढ़ करने एवं उन्नयन हेतु यू. जी./एम.बी.बी.एस.सीटों में वृद्धि के लिए तीन जिलों अंबिकापुर, रायगढ़ एवं बिलासपुर के लिए ₹437. 00 लाख प्रति जिला के मान से कुल ₹1311.00 लाख का व्यय संभावित है।

अतः इस प्रयोजन हेतु ₹13,11,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।